दिनांक 07.08.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम की सड़के हो रही है सुगम

भिलाईनगर। शहर के यातायात को सुगम बनाने तथा नागरिकों के आवागमन आसान करने के लिए नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा शहर के अंदरूनी तथा मुख्यमार्ग को जोड़ने वाले सड़को पर 9 करोड़ रूपये की राशि खर्च कर डामरीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने निगम क्षेत्र की सड़कों को बेहतर बनाने बैठक में निर्देश दिये थे, कि प्राक्कलन तैयार विधिवत निविदा प्रक्रिया के बाद सड़को का डामरीकरण कर शहर के यातायात को और सुगम बनया जाये। इसी क्रम में निगम का लोक कर्म विभाग नेहरू नगर, के.पी.एस. चौक से सूर्या माल खम्हरिया, प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व सुभाष चौक से दक्षिण गंगोत्री होते हुए सुपेला मुख्यमार्ग , गौरव पथ से आजाद चौक , रामनगर मुक्तिधाम मार्ग, जलेबी चौक से सुभाष चौक तक, नंदिनी रोड पावर हाउस चौक से तेल्हा नाला, बैकुण्ठधाम स्वास्थ्य कार्यालय से युगनिर्माण स्कूल के पीछे तक , मांझी चौक से गणेश चौक तक , आई.टी.आई सर्विस रोड से शिवालय एम.पी.आर. रोड होते हुए श्री राम चौक से सर्विस रोड तक एवं हुड़को सेक्टर- 09 फुटबाल मैदान से श्री राम चौक तक इन सड़को का उन्नयन , नवीनीकरण, डामरीकरण का कार्य राशि 9 करोड़ की लागत से किया गया है। वही वर्षाऋतु के कारण वार्ड 35 किशन चौक से शीतला मंदिर चौक तक डामरीकरण कार्य तथा छावनी चौक से हथखोज पुलिया तक मार्गो के नवीनीकरण कार्य को प्रारंभ करने के बाद 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर शेष को स्थगित रखा गया है, वर्षा काल समाप्त होने पर कार्य पूर्ण किये जायेगें। वर्तमान में बारिश से हुए सड़को के गढ्ढो को भरने पेंचवर्क भी किया जा रहा है।

अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी ने बताया की शहर की सड़को को आकर्षक बनाने मुख्य सड़क में केट आई एवं सफेद पटटी की लाईन उकेरी गई है। नगर के अन्य सड़को को मांग एवं आवश्यकता अनुसार उन्नयन, नवीनीकरण, डामरीकरण किये जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है।